---

01. अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया का एक यात्री विमान आज दोपहर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में पायलट और केबिन क्रू समेत दो सौ बयालीस लोग सवार थे।

02. विमान हादसे में अबतक एक जीवित यात्री की पहचान हुई। डीएनए टेस्ट से मृतकों की पहचान की जा रही है।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर गहरा दुख जताया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायतीराज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुना तक बढ़ाने की घोषणा की।

---

अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया का एक यात्री विमान आज दोपहर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में हुआ। विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें दो पायलट और दस केबिन क्रू शामिल थे। इनमें से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, तिरेपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और सात पुर्तगाली नागरिक थे। विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार हादसे में अबतक एक जीवित यात्री की पहचान हुई है, जिनका ईलाज चल रहा है। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी ने आकाशवाणी समाचार को उस समय की परिस्थितियों का आंखों देखा हाल बताया।

–––बाइट–––

गुजरात स्वास्थ्य विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी धनंजय द्विवेदी ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त विमान एक मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के छात्रावास पर गिरा, जिसमें पचास से अधिक के घायल होने की खबर है। उन्होंने कहा कि डीएनए टेस्ट की मदद से मृतकों की पहचान की जा रही है।

–––बाइट–––

दुर्घटना स्थल पर अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। एयर इंडिया ने कहा है कि दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्घटना पर अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने यात्री हेल्पलाईन नंबर– 1800 5691 444 जारी किया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना के बारे में गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बातचीत की है। श्री मोदी ने उन्हें यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद पहुंच गए हैं।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह एक हृदय विदारक आपदा है। उनकी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। प्रधानमंत्री ने विमान दुर्घटना को ह्रदय विदारक बताया है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं। श्री मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवेधश नारायण सिंह ने विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है।

---

विकसित कृषि संकल्प अभियान आज संपन्न हो गया। पंद्रह दिनों तक चले इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों ने गांव–गांव जाकर किसानों के साथ संवाद किया और उन्हें नई कृषि तकनीकों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस दौरान विभिन्न राज्यों का दौरा कर किसानों के साथ संवाद किया। आज अभियान के अंतिम दिन कृषि मंत्री ने गुजरात के बारडोली में किसानों को संबोधित किया। श्री चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान ने वैज्ञानिक अनुसंधान और जमीनी स्तर पर खेती के बीच के अंतर को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है।

———बाइट———

कृषि वैज्ञानिक किसान राज्य और केन्द्र सरकार मिलके काम करेगी। एक राष्ट्र एक कृषि और एक टीम की भावना से यह वैज्ञानिकों पर कृषि विभाग किसानों के साथ लगातार खड़ा रहेगा संपर्क करेगा और खेती के दिशा को और बदलने की कोशिश करेगा। ताकि हम देश के अन्न भंडार भी भर सकें और प्रधानमत्री जी जो कहते हैं कि दुनिया का फूड बास्केट अगर कल कोई बनेगा तो भारत बनेगा हम अपनी जनता का भी पेट भरेंगे और दुनिया का पेट भरने का काम भी भारत करेगा।

इधर, प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी आज अभियान के अंतिम दिन कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ संवाद किया।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की बैठक आज पटना में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के सरकारी आवास पर हुई। इस बैठक में कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी और वाम दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि घटक दलों ने सर्वसम्मति से राज्य में साझा कार्यक्रम चलाने का फैसला किया।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायतीराज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुना तक बढ़ाने की घोषणा की है। आज पटना में पंचायतीराज प्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल से भेंट वार्ता में मुख्यमंत्री ने छह महत्वपूर्ण घोषणाएं की। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचयातीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। मनरेगा के तहत मुखिया अब पांच लाख रूपए की जगह, दस लाख रूपए तक की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दे सकेंगे। साथ ही अब पंचायतीराज संस्थाएं पंद्रहवें वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त राशि से पंद्रह लाख रूपए तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय स्तर पर स्वयं लागू कर सकेंगी। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति के आवेदन को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का जिलाधिकारियों को आदेश दिया गया है। अब पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यकाल के दौरान सामान्य मौत होने पर भी पांच लाख रूपए अनुग्रह राशि दी जाएगी। पहले सिर्फ आकस्मिक मृत्यु होने पर ही यह प्रावधान था। शिष्टमंडल के साथ वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो जायेंगे। पंचायत सरकार भवन निर्माण का जिम्मा भी ग्राम पंचायतों को ही सौंपा जाएगा। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अधिकांश जगहों पर गर्म दिवस की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, कल भी राज्य के दक्षिणी हिस्से में गर्म दिवस की स्थिति बने रहने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

---बाइट---

---

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने भारत और विश्वस्तर पर योग को एक परिवर्तनकारी स्वास्थ्य अभ्यास बताया है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष भेंट में आयुष मंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने वर्ष दो हजार चौदह में आयुष मंत्रालय के गठन से लेकर दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने में भारत की महत्वपूर्ण पहल पर प्रकाश डाला।

---बाइट---

हमारे प्रधानमंत्री जी के वे निर्देश थे कि यह 11वां योग दिन पूरे दुनिया में और विशेष कर हमारे भारत देश में भी बड़ें पैमाने पर और ज्यादा से ज्यादा लोग उसमें शामिल करके हमको एक बड़ा उत्साह योग का उत्सव हमें यहा पर मनाना है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आज पटना के फुलवारीशरीफ स्थित महावीर कैंसर संस्थान में दिवंगत समाज सेवी आचार्य किशोर कुणाल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रणवीर नंदन को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विधि विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा सोलह जुलाई से तीन अगस्त तक छह चरणों में होगी। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य के अड़तीस जिलों में छह सौ सत्ताईस परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया का एक यात्री विमान आज दोपहर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में पायलट और केबिन क्रू समेत दो सौ बयालीस लोग सवार थे।

02. विमान हादसे में अबतक एक जीवित यात्री की पहचान हुई। डीएनए टेस्ट से मृतकों की पहचान की जा रही है।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर गहरा दुख जताया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायतीराज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुना तक बढ़ाने की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।